हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 31 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोकगायिका आरू साहू की सुरमयी प्रस्तुति से देर रात तक झूमते रहे श्रोता





B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065
अंतिम तिथि-04/09/25

सालभर भी नहीं टिक पाई 1 करोड़ से बनी सड़क

# विजयपुर की नवनिर्मित सड़क धंसी, बड़े-बड़े गड्ढों में राहगीरों का चलना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बोईराददर से विजयपुर इंदिरा विहार तक की नवनिर्मित सड़क कुछ स्थानों पर धंस गई है। इस मार्ग में जगह-जगह निर्मित पर बड़े-बड़े गड्ढों में राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है। ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन निर्माण कराने से 1 करोड़ रुपए की लागत से बनी सड़क सालभर भी नहीं टिक पाई है। जिससे निगम की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। शहरवासियों की मानें तो जिस समय सड़क बन रही थी उस वक्त निगम के इंजीनियर क्या कर रहे थे? अब इसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

दरअसल बोईरादादर से विजयपुर, इंदिरा विहार मार्ग सालों से जर्जर अवस्था में था। स्थानीय निवासी और राहगीर इस दंश को लंबे समय से झेलते आ रहे थे। विजयपुर पेट्रोल पंप से पहले तो सड़क डबरी में तब्दील हो गया था। इस मार्ग पर आए दिन हादसे हो रहे थे। बारिश में तो सड़क की हालत बद से बदतर हो जाती थी। तब लोगों ने आक्रोश जाहिर किया तो पूर्व शहर सरकार व निगम प्रशासन ने देर से ही सही पर इसकी सुध ली और कुछ साल पहले इस सड़क में पैचवर्क कराया गया। इसके कुछ माह बाद फिर से सड़क की स्थिति जस की तस हो गई। इसके बाद फिर से इस सड़क के जीर्णोद्धार के लिए करीब 94 लाख रुपए की स्वीकृति मिली। करीब 6 माह पूर्व ही बोईरदादर से विजयपुर चौक व इंदिरा विहार तक सड़क का नए सिरे से निर्माण कराया गया। चौकाने वाली बात यह है कि वर्तमान में इस सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे निकल आए हैं। इडेन गार्डन मैरिज हॉल के सामने तो सड़क पूरी तरह धंस गई है। जिसमें वाहनों के पहिए फंस रहे हैं और लोग दुर्घटना के भी शिकार हो रहे हैं। इसके अलावा पेट्रोल पंप के पास फिर से बड़ा गड्ढा हो गया है जो हादसों को न्यौता दे रहा है।



### अनियंत्रित हो रहे दुपहिया चालक

रात में समय इस मार्ग में अंधेरा होने पर दुपहिया चालक हादसे का शिकार तो हो ही रहे हैं, दिन में भी इन गड्ढो में दुपहिया वाहनों के पहिए फंसने से चालक अनियंत्रित होकर गिर रहे हैं। ऐसे में इन गड्ढों को भरना आवश्यक हो गया है, वरना कभी भी इस मार्ग में बड़ा हादसा हो सकता है।

### भाजपा पार्षद के वार्ड में यह हाल

खास बात यह है कि विजयपुर वार्ड क्रमांक 47 में आता है। पूर्व में यहां के पार्षद पदुमलाल परजा थे, जोकि बीजेपी पार्षद थे, वहीं हाल में उनकी पत्नी संतोषी परजा भी बीजेपी से पार्षद नियुक्त हुई हैं। ऐसे में उनके वार्ड में इस तरह के गुणवत्ताहीन निर्माण से शहर में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। वहीं रायगढ़ विधायक व वित्त मंत्री ओपी चौधरी के शहर विकास के सपने पर ठेकेदार द्वारा पानी फेरने का काम किया गया है।

### ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड कर भूले अधिकारी

बोईरदादर से विजयपुर व कृष्णवैली कॉलोनी से इंदिरा विहार तक गुणवत्ताहीन दो बीटी सड़क बनाने वाले बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड फर्म के ठेकेदार को निगम प्रशासन ने पिछले माह ही 1 साल के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। वहीं 23 लाख रूपए अमानत राशि को राजसात करने संबंधी कार्रवाई की है। खास बात यह है कि निगम ठेकेदार पर कार्रवाई तो कर दी लेकिन जर्जर सड़क की सुध नहीं ली। जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

करीब 6 माह पहले 94 लाख रुपए की लागत से बोईरादादर चौक से विजयपुर, इंदिरा विहार तक सड़क निर्माण कराया गया है। निर्माण के समय ठेकेदार को सड़क की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने कहा गया था, लेकिन उनके द्वारा स्तरहीन काम कराया गया है। जिससे कुछ माह में ही नए सड़क की हालत बद से बदतर हो गई है। जगह-जगह सड़क धंस गई और बड़े-बड़े गड्ढे निकल आए हैं। जिसमें फंसकर राहगीर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। निगम प्रशासन द्वारा ठेकेदार पर कार्रवाई तो की गई है, लेकिन दोबारा इस सड़क की सुध नहीं ली गई है। मेरे द्वारा महापौर और कमिश्नर से मिल कर इस सड़क के जीर्णोद्धार की मांग की जाएगी।

**संतोषी पदुमलाल परजा**
वार्ड पार्षद



# रेस्टोरेंट्स में दबिश, 22 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला मुख्यालय में खाद विभाग की टीम ने रेस्टोरेंट और भोजनालय में छापामार कार्रवाई करते हुए घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करते हुए पाए जाने पर 8 मामलों में कुल 22 सिलेंडर जब्त किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिला खाद्य अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य विभाग की टीम ने रायगढ़ जिले के रेस्टोरेंट एवं अन्य भोजन प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें प्रतिष्ठानों में उपयोग किए जा रहे घरेलू गैस सिलेंडर की जब्ती बना कर गैस एजेंसी के सुपुर्द किया गया है। इस कार्रवाई के दौरान 8 प्रकरण में कुल 22 सिलेंडर जब्त किए गए। जिसमें बाबा रेस्टोरेंट से 2 नग गैस सिलेंडर, रॉयल रेस्टोरेंट से 2 नग गैस सिलेंडर, पप्पु बिरयानी से 10 नग गैस सिलेंडर, जायसवाल रेस्टोरेंट से 1 नग गैस सिलेंडर, समोसा कार्नर से 1 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। इस कार्रवाई के बाद संबंधितों के खिलाफ गैस विनिमय नियंत्रण आदेश 2000 के तहत प्रकरण दर्ज किया जाएगा। इसी तारतम्य में धरमजयगढ़ में खाद्य विभाग की टीम द्वारा बैरागी समोसा कार्नर से 5 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर गैस विनिमय नियंत्रण आदेश 2000 के तहत प्रकरण निर्मित किया गया है।

### दो बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। जूटमिल पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो चोरी की बाइक बरामद की हैं। मामला 22 अगस्त का है जब कोडातराई बस स्टैण्ड निवासी सतीश चौधरी की बाइक घर के सामने से अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया था। घटना की रिपोर्ट पर थाना जूटमिल में अपराध दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। माल.मुलजिम की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बोईरदादर चक्रधरनगर निवासी देवराज सिदार पिता बृजलाल सिदार, मूल निवासी नावापारा मडवा थाना चंद्रपुर जिला सक्ती को हिरासत में लिया।

## खबर संक्षेप

### रजत जयंती पर पुस्तक वाचन कार्यक्रम



**घरघोड़ा।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना दिवस पर रजत जयंती दिवस मनाया जा रहा है। इस संदर्भ मे घरघोड़ा स्थित कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घरघोड़ा मे शिक्षिकों ने छात्राओं पालकों की उपस्थिति का संयोजन करते हुए विकासखन्ड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह प्राचार्य हरीशचंद्र बेहरा प्रधानपाठक अखिलेश मिश्रा एवं विकासखन्ड स्रोत समन्वयक मनोज प्रधान के मार्गदर्शन मे स्कूली छात्राओं एवं पालकों की उपस्थिति में वृहद रूप से सामूहिक पुस्तक वाचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं पालकों ने अपनी उपस्थिति दी। कार्यक्रम मे विविध प्रकार की पुस्तकें रखी गई थी जिसका लाभ छात्रों को मिला द्य अखिलेश मिश्रा ने इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं सहित पालकों को कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संयोजन करते हुए शिक्षक विजय पंडा ने रजत जयंती कार्यक्रम के सु अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य की संस्कृति इतिहास से छात्राओं को एवं राज्य मे हुए शैक्षणिक विकास से अवगत कराया। उन्होंने साथ मे राज्य द्वारा विद्यालय स्तर पर संचालित योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की। ज्ञात हो की छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर शिक्षण सत्र 2025-26 मे शालेय स्तर पर विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शिक्षिका निवेदीता सिंह ने सम्बोधित करते हुए पुस्तक वाचन से होने वाले प्राप्त ज्ञान की जानकारी देते हुए पुस्तकों की महत्ता बताई।

### ध्यानचंद जयंती पर साइकिल रैली आज

**रायगढ़।** मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर 31 अगस्त रविवार को साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। साइकिल रैली शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम से शुरु होकर नटवर स्कूल में संपन्न होगी। महापौर जीवर्धन चौहान के नेतृत्व में यह रैली निकाली जाएगी। कार्यक्रम सुबह 7 बजे से शुरु होगा। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम से चक्रपथ रोड, हेमु कलाणी चौक, अग्रसेन चौक, सुभाष चौक, हंडी चौक से सत्तीगुड़ी चौक होते हुए नटवर स्कूल में समापन होगा।

### फसल पर संकट, खाद के अभाव से किसान परेशान

**घरघोड़ा।** खरीफ सीजन के बीच घरघोड़ा क्षेत्र के किसानों के लिए हालात गंभीर होते जा रहे हैं। धान की रोपाई के बाद खेतों में खाद की सबसे ज्यादा जरूरत है, लेकिन सहकारी समितियों में यूरिया और डीएपी का टोटा बना हुआ है। मजबूरी में किसान निजी दुकानों से खाद खरीद रहे हैं, वह भी कई गुना महंगे दामों पर। इससे खेती की लागत इतनी बढ़ गई है कि किसान की कमर टूटने लगी है। किसानों की समस्या को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घरघोड़ा आज एसडीएम कार्यालय पहुंची और ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन की लापरवाही से अन्नदाता समय पर खाद से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हुई तो हजारों किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# ओडिशी नृत्य की प्रस्तुति से सजी चौथे दिन की सांस्कृतिक संध्या



अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह के चौथे दिन की सांस्कृतिक संध्या ओड़िशी नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियों से सराबोर हो उठी। कटक पूरी घाट से आईं प्रख्यात नृत्यांगना डॉ. दीप्ति राउतरे और उनकी टीम ने मंच पर ऐसी मोहक नृत्य छटा बिखेरी कि पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। डॉ. राउतरे और उनकी टीम ने नमामि राम राघवम तथा मोक्ष पर नृत्याभिनय प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति ने भाव, राग और लय का ऐसा अद्वितीय संगम रचा कि भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र और उनके आदर्श मानो सजीव हो उठे। कलाकारों ने इतनी सुंदर अभिव्यक्ति दी कि दर्शक भावविभोर हो उठे।



### शिवली ने मनमोहक प्रस्तुति दी

कार्यक्रम का शुभारंभ रायपुर से आई ओडिशी कलाकार सुश्री शिवली देवता ने ओडिशी की मनमोहक प्रस्तुति से की। सुश्री शिवली एक निपुण ओडिसी नृत्यांगना है। ओडिशी नृत्य की उत्पत्ति उड़ीसा के मंदिरों से हुई है और यह नृत्य अपनी लयबद्ध गतियांए जटिल पद चालन तथा मंदिरों में उकेरी हुई मूर्तियों की मुद्राओं के लिए जाना जाता है।



### भूमिसूता व लिप्सा ने नृत्य कौशल दिखाया

सांस्कृतिक संध्या में रायपुर जिले से आईं ओडिसी नृत्यांगनाएं सुश्री भूमिसूता मिश्रा एवं सुश्री लिप्सा रानी बिस्वाल ने अपने अद्वितीय नृत्य प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर उतरीं दोनों कलाकारों ने शास्त्रीय नृत्य की कोमलताए भावभंगिमाओं की गहराई और ताल.लय की अद्भुत प्रस्तुतियों से समारोह का आकर्षण और भी बढ़ा दिया।

# एसीबी ने आबकारी एसआई को 50 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार पर लगाम कसने के लिए एसीबी की टीम लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में शनिवार को रायगढ़ जिले से बड़ी कार्रवाई सामने आई है। एसीबी की टीम ने आबकारी विभाग के उप निरीक्षक संतोष कुमार नारंग को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी की इस कार्रवाई से रिश्वतखोरों में हड़कंप मचा हुआ है।

दरअसल 20 अगस्त को धरमजयगढ़ निवासी सुनीत टोप्पो ने एसीबी इकाई बिलासपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार 19 अगस्त को उप निरीक्षक नारंग ग्राम पंडरी महुआ पहुंचे और शिकायतकर्ता के घर पर अवैध शराब बनाने का आरोप लगाया। इस दौरान नारंग ने उसकी मां से भी कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। शिकायतकर्ता का आरोप था कि नारंग ने कड़ी कार्रवाई से बचाने के नाम पर उससे 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। इस पर सुनीत टोप्पो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़े होने का निश्चय किया और सीधे एसीबी से संपर्क किया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसीबी ने तुरंत सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की। प्राथमिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर एसीबी टीम ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ने की योजना बनाई। निर्धारित योजना के तहत 30 अगस्त शनिवार को शिकायतकर्ता सुनीत टोप्पो को तय राशि लेकर खरसिया स्थित आबकारी कार्यालय भेजा गया। यहां जैसे ही आरोपी उप निरीक्षक संतोष नारंग ने 50 हजार रुपए की रिश्वत ली पहले से मौजूद एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथों धर दबोचा। कार्रवाई के दौरान एसीबी ने मौके से पूरी राशि 50 हजार रुपए जब्त कर ली है। इसके साथ ही आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई की गई। बाद में आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 के तहत अपराध दर्ज किया गया। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि यह गिरफ्तारी भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान का हिस्सा है और भविष्य में भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसीबी सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य सरकार और जांच एजेंसियां मिलकर आम नागरिकों को न्याय दिलाने और रिश्वतखोरी जैसी कुप्रथाओं पर लगाम लगाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

- एसीबी की कार्रवाई से रिश्वतखोरों में हड़कंप



चक्रधर समारोह में शो कैंसिल होने पर सोशल मीडिया में डाला वीडियो

# नितिन का छलका दर्द, कटौती सिर्फ हम पर ही क्यों

**रायगढ़।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 40वें चक्रधर समारोह की शुरुआत हो चुकी है। इस भव्य 10 दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन में प्रदेश और देश के अनेक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में 1 सितम्बर को रायगढ़ की पहचान बन चुके लोकप्रिय छत्तीसगढ़ी गायक नितिन दुबे का कार्यक्रम तय था, लेकिन अचानक उनके शो को कैंसिल कर दिया गया। इस फैसले के बाद नितिन दुबे ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड कर अपनी भावनाएं साझा कीं। उन्होंने कहा 2001 से मैं गा रहा हूं। 37 साल से मंच पर सक्रिय हूं। इस बार भी कार्यक्रम तय था, मेहनताना भी फाइनल हो चुका था। पोस्टर तक छप गए थे।



लेकिन अचानक बताया गया कि बजट की समस्या है और 50% पेमेंट पर प्रोग्राम करने को कहा गया। सवाल है कि कटौती सिर्फ छत्तीसगढ़ी कलाकारों पर ही क्यों? बॉलीवुड और बाहर से बुलाए गए गायकों के मेहनताने में कमी क्यों नहीं की जाती? नितिन दुबे ने आगे कहा कि उनके गीत ' रायगढ़ वाला राजा ने न सिर्फ जिले बल्कि पूरे प्रदेश और विदेशों तक रायगढ़ का नाम रोशन किया है। अगर मेरे जैसे स्थापित कलाकार के साथ ऐसा किया जा रहा है तो नए कलाकारों को मंच देने के नाम पर तो शायद मेहनताना भी न दिया जाता होगा। यह छत्तीसगढ़ी कलाकारों के साथ अन्याय है। उन्होंने यह भी कहा कि चक्रधर समारोह का पंडाल तभी खचाखच भरता है जब छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम होते हैं। बावजूद इसके स्थानीय कलाकारों के लिए बजट की समस्या खड़ी कर दी जाती है। हालांकि अंत में उन्होंने आयोजन की सफलता की शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि कभी न कभी छत्तीसगढ़ी कलाकारों के लिए भी पूरा बजट आएगा।


### समारोह में देवेश की भी उपेक्षा

छत्तीसगढ़ी लोकगायक और संगीतकार देवेश शर्मा को इस बार मंच ही नहीं दिया गया। जबकि देवेश शर्मा पिछले कई वर्षों तक कलाकार चयन समिति का हिस्सा रहे हैं और लगातार समारोह में अपनी प्रस्तुति देते आए हैं। लेकिन इस बार उन्हें न तो आमंत्रण मिला और न ही मंच पर जगह दी गई। स्थानीय कला जगत इसे छत्तीसगढ़ी कलाकारों की उपेक्षा मान रहा है। कुल मिलाकर चक्रधर समारोह में इस बार स्थानीय बनाम बाहरी कलाकारों का मुद्दा गर्मा गया है।

### आयोजन समिति का पक्ष

इस मामले में आयोजन समिति का कहना है कि नितिन दुबे समेत सभी कलाकारों का सम्मान है। पूरे समारोह में 75 कलाकारों को मंच दिया गया है, जिनमें से 41 कलाकार छत्तीसगढ़ से हैं। इनमें रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, सारंगढ़, बिलाईगढ़ और अबुझमाड़ के कलाकार शामिल हैं। समिति ने स्पष्ट किया कि स्थानीय कलाकारों को हर साल प्राथमिकता दी जाती है और यह परंपरा आगे भी जारी रहेगी।

MARK OF EXCELLENCE
किडनी की सर्वश्रेष्ठ देखभाल
कॉम्प्रिहेंसिव किडनी केयर सेंटर



यूरोलॉजी एवं यूरोसर्जरी
- लेजर मशीन द्वारा किडनी की पथरी का ईलाज
- प्रोस्टेट ग्रंथी का दूरबीन से ऑपरेशन (TURP)
- पेशाब नली की सिकुड़न का ईलाज।
- किडनी, पेशाब नली, पेशाब थैली के कैंसर का ईलाज।
- यूरेथर की पथरी का बिना चीरे या छोटे से चीरे द्वारा दूरबीन से ईलाज।
- आधुनिक दूरबीन द्वारा छोटे से चीरे से गुर्दे की पथरी का ऑपरेशन (PCNL)

नेफ्रोलॉजी सेवाएं
- हेमो डायलिसिस
- पमकिथ टनल्ड डायलिसिस
- सीएपीडी (पेरिटोनियल डायलिसिस)
- किडनी बायोप्सी

24x7 SERVICES
• CT SCAN • PATHOLOGY
• PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 ( C.G.)
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com | Email: info@markhospital.com
AdPRAYAS

**खबर संक्षेप**

### आरएमसी में बिना टेंडर के काम पर उठे सवाल



**राउरकेला।** शहर में प्रायः पर्व.त्योहार के अवसर पर विसर्जन तालाब में पानी की निकासी डिवाटरिंग और पुनः भराई रीवाटरिंग के लिए वाटर पंप का उपयोग किया जाता है। इसके साथ ही प्रतिमा विसर्जन के दौरान हाइड्रा और क्रेन व अन्य मशीने जरूरत पड़ने पर लगाई भी जाती हैं। लेकिन इन कार्यों को बिना टेंडर प्रक्रिया के एक ही एजेंसी को देने पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि हर बार इस कार्य का बिल कम से कम पाँच लाख रुपये का होता है स आरोप यह भी है कि पटनायक को अपनी पसंदीदा एजेंसी के अलावा कोई अन्य एजेंसी नजर ही नहीं आती। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब राउरकेला नगर निगम आर एम सी को हर पूजा में पंप और हाइड्रा की जरूरत होती है, तो इन कार्यों के लिए खुला टेंडर क्यों जारी नहीं किया जाता। आखिर अजीत पटनायक को इतनी छूट क्यों दी जा रही है और उनके खिलाफ अब तक जांच क्यों नहीं हुई है। ट्रांसपोर्ट और सेनेटेशन सेक्शन में हो रहे इस तथाकथित घोटाले ने लोगों के बीच आक्रोश पैदा कर दिया है और पारदर्शिता की मांग तेज हो गई है।

### स्थानांतरण के बाद भी ज्वाइनिंग नहीं

**राउरकेला।** पंजीयन कार्यालय से जुड़े कर्मचारी धरणीधर बेहरा एक बार फिर चर्चा का विषय बने हुए हैं। उनके नाम पर पहले से ही बीरमित्रपुर सब रजिस्ट्रार कार्यालय में आपराधिक मामला दर्ज है। इससे पूर्व सतर्कता विभाग भी उन पर मामला दर्ज कर चुका है। इसके बावजूद उन्होंने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर पांनपोश सब रजिस्ट्रार कार्यालय में पुनः पदभार संभाल लिया था, जहां वे पहले भी कई वर्षों तक कार्यरत रह चुके हैं। स्थानीय शिकायतकर्ताओं की मांग पर उच्च अधिकारीयों द्वारा अंततः उनका स्थानांतरण कर दिया गया। किंतु, आश्चर्य की बात यह है कि अब तक उन्होंने नए कार्यालय में ज्वाइनिंग नहीं की जिसका खामियाजा कहीं न कहीं आम जनता को उठाना पड़ रहा है स जब उनसे इस विषय में पूछा गया तो उन्होंने इसे निजी कारण बताकर टिप्पणी करने से इंकार कर दिया।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 15 तक आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र बरमुड़ा वार्ड क्रमांक 43 में आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद की पूर्ति हेतु 1 से 15 सितम्बर तक आवेदन मंगाए गए है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### मनाया जाएगा शिशु संरक्षण माह



**जशपुरनगर।** जिले में 29 अगस्त से 30 सितंबर 2025 तक शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जा रहा है। सीएमएचओ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान 9 माह से 59 माह तक के सभी बच्चों को विटामिन ए का सिरप पिलाया जाएगा और 6 माह से 59 माह के बच्चों हेतु आयरन एवं फोलिक एसिड सिरप का बाटल वितरित किए जाएंगे। शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में शुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच इस माह से संबंधित समस्त गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस एवं टीकाकरण दिवस में प्रदाय किये जाने वाले सेवाओं का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में एनीमिया स्क्रीनिंग एवं स्तनपान संबंधित गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। शिशु संरक्षण माह में सभी मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा तैयार ग्रामीण क्षेत्र से प्रपत्र 2ए और शहरी क्षेत्र से प्रपत्र 2बी में ड्यू लिस्ट के सभी बच्चों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सरस्वती शिशु मंदिर में खो खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता

# हारने वाला एक दिन जीत हासिल करता है : अरूण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



सरस्वती शिशु मंदिर सरिया में विभाग स्तरीय खो खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को दोपहर 2 बजे किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष अरुण शराप एवं विशिष्ट अतिथि ए के सिह शाखा प्रबंधक अपेक्स बैंक सरिया व अन्य अतिथियों के कर कमलो से प्रारंभ किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष अरूण शराप ने कहा कि हारने वाला एक दिन जीत हासिल करता है। मैं हमेशा से ही खेल भावना से छात्र जीवन में विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया और मुझे हारने के बाद ही जीत मिली। इसलिए मैं समस्त खिलाड़ी छात्र.छात्राओं से निवेदन करता हूं कि हमेशा खेल भावना से ही प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहिए। यह तय है कि हारने वाला ही एक दिन जीत हासिल करता है। आप लोग हताश एवं निराश मत होइए और खेल भावना से ही खेल का प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़े। उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि यहां संस्कार के साथ साथ अच्छे शिक्षा एवं खेल के माध्यम से बच्चे अपना भविष्य बनाते हैं। बता दें कि सरस्वती शिशु मंदिर सरिया में विभाग स्तरीय खो खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता में सारंगढ़ बिलाईगढ़, रायगढ़, जशपुर जिले के नगरीय निकाय के खिलाड़ी भाग लेने पहुंचे हैं। सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने के लिए शपथ ग्रहण कराया गया। तत्पश्चात खो.खो के लिए सरिया व खरसिया के बीच टास करा कर खेल प्रारंभ की गई इसी तरह कबड्डी प्रतियोगिता भी प्रारंभ किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष अरुण शराप ने समस्त खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर खेल प्रारंभ कराया। रविवार को खेल का समापन होगा और पुरस्कार वितरण संपन्न होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पंचायत सरिया के पार्षद राजू प्रधान, त्रिलोचन मेहर, शत्रुघ्न प्रधान, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एस कर, वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र सोनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## आरजीएच में स्थापित ऑक्सीजन यूनिट ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला



■ कोविड काल में स्थापित संयंत्र अब कबाड़ होने के कगार पर

कोविड महामारी के दौरान स्थापित ऑक्सीजन उत्पादन यूनिट आज तक पूरी क्षमता से कार्य नहीं कर पा रही है। बल्कि इसके ठप रहने से अब यह कबाड़ सा बन गया है। राउरकेला सरकारी अस्पताल में लगी यह यूनिट मरीजों की जीवनरेखा साबित होनी थी, लेकिन वर्तमान में इसका संचालन अधूरा है।

अस्पताल के निदेशक अवकाश में होने के कारण बात करने की स्थिति में नहीं होने के वजह से आर जी एच की उच्चाधिकारी डॉण सुधा प्रधान से पूछने पर उन्होंने बताया कि यूनिट में से एक पिछले छह माह से मेंटिनेंस में है। दूसरी यूनिट से उत्पादन होने के बावजूद अस्पताल में बाहरी आपूर्तिकर्ताओं के सिलेंडरों पर निर्भरता बनी हुई है। जब इस सिलेंडर आपूर्ति को लेकर उनसे सवाल पूछा गया तो उन्होंने ड्राइविंग का हवाला देते हुए बातचीत समाप्त कर दी। जानकारीके मुताबिक, तत्कालीन बीजू जनता दल सरकार के द्वारा कोविड काल में कई आपात परियोजनाओं के नाम पर भारी खर्च हुएए लेकिन उनका अपेक्षित लाभ जनता को नहीं मिल पाया। ऑक्सीजन जैसे संवेदनशील संसाधन में इस तरह की लापरवाही केवल अनियमितता ही नहीं बल्कि एक बड़े भ्रष्ट तंत्र की ओर इशारा करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यूनिट का संचालन समय पर सुनिश्चित किया जाता तो अस्पताल को निजी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर नहीं रहना पड़ता और मरीजों को तत्काल राहत मिलती एंव लाखों में भुगतान करने की अवश्यकता न पड़ती। यह मामला अब प्रशासन और सरकार की जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। जनता की मांग है कि राउरकेला सरकारी अस्पताल की ऑक्सीजन यूनिट की जांच कर इसे शीघ्र पूर्ण उत्पादन में लाया जाए ताकि भविष्य में किसी भी आपातकालीन स्थिति में मरीजों की जान जोखिम में न पड़े।

## ओपीजेयू में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन होगा 3 सितंबर से




■ इस्पात, विद्युत और निर्माण तकनीक के नवाचारों पर होगा गहन विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

ओपी जिंदल विश्वविद्यालय (ओपीजेयू) रायगढ़ में आगामी 3 से 5 सितंबर 2025 तक एडवांसेस इन स्टील, पावर एवं कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी विषय पर छठा तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें इस्पात, बिजली और निर्माण तकनीक से जुड़े नवाचार, सस्टेनेबिलिटी और औद्योगिक प्रगति पर गहन चर्चा की जाएगी।

यह सम्मेलन एएसएम इंटरनेशनल ईस्टर्न इंडिया चैप्टर, जिंदल स्टील लिमिटेड, सोहार यूनिवर्सिटी (ओमान) और मेट्रोपोलिया यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज़ (फिनलैंड) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसमें देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद्, शोधकर्ता और उद्योग जगत के प्रतिनिधि भाग लेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति एवं सम्मेलन के चेयरमैन डॉ. आर.डी. पाटीदार ने बताया कि उद्देश्य शोधकर्ताओं, तकनीकी विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने अनुभव, अनुसंधान निष्कर्ष और दृष्टिकोण साझा कर सकें। इसके माध्यम से भविष्य की चुनौतियों पर मंथन कर ठोस रणनीतियां तैयार की जाएंगी। सम्मेलन के संयोजक डॉ. निथ्या मुथुकुमारन एवं डॉ. एम. कल्याण फणी ने कहा कि तीन दिनों के दौरान उद्घाटन व समापन सत्र, तकनीकी सत्र और कार्यशालाएँ होंगी। इस दौरान 150 से अधिक शोध पत्र भी प्रस्तुत किए जाएंगे। मुख्य वक्ताओं में सैम एंडरसन (अमेरिका), डॉ. जोर्मा सटेरी (फिनलैंड), डॉ. प्रिंडल (कोलंबिया यूनिवर्सिटी, अमेरिका), एनआईटी जमशेदपुर और वारंगल के प्रोफेसर, आईआईटी भिलाई के डॉ. अशुतोष कुमार, टाटा स्टील और जिंदल स्टील के अधिकारी, गेल दिल्ली के विशेषज्ञ तथा यूके और इंदौर के शिक्षाविद् शामिल होंगे।

## धूल व गड्ढों से बेहाल बीरमित्रपुरवासी



■ राष्ट्रीय राजमार्ग की दुर्दशा पर प्रशासन मौन

**बीरमित्रपुर।** बीरमित्रपुर टाउन से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग की बदहाल स्थिति लोगों के लिए रोजाना परेशानी का सबब बनी हुई है। जगह जगह बने गड्ढों के बीच जब वाहन गुजरते हैं तो सड़कों पर उठने वाला धूल का गुबार राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है।

हालात यह हैं कि एक वाहन गुजरते ही पीछे धूल इतनी घनी हो जाती है कि दूसरे वाहन चालकों को आगे का रास्ता तक नजर नहीं आता। धूल और गड्ढों की वजह से सड़क पर चलते लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ी हुई है। वहीं बरसात का पानी भर जाने से गड्ढे दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन इसके बावजूद महकमे की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निम्नस्तरीय कार्य व घटिया मेटेरियल का प्रयोग ही इसका मुख्य कारण है। पीसी के दबाव में ठेकेदारों को भी मजबूरी में काम निपटाके निकलने की ही तलाश होती है। कई बार शिकायत करने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों में इस लापरवाही को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जनमानस की मांग है कि प्रशासन तत्काल सड़कों की मरम्मत और धूल नियंत्रण के उपाय सुनिश्चित करेए ताकि आमजन को राहत की सांस मिल सके।

## अतिक्रमण को निगम आयुक्त के निर्देश पर हटाया गया



**रायगढ़।** नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने शहर में हो रहे सड़क बाधा के संबंध में निरीक्षण कर नगर निगम के अतिक्रमण दल को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके परिपालन आज पुराना शनि मंदिर के पास स्थित नाली के ऊपर जर्जर दीवार को हटाया गयाए साथ ही लक्ष्मीपुर पुलिया के पास बिना अनुमति के किये गये बाउंड्रीवाल निर्माण को नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता के द्वारा हटाया गया।

## 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए बगीचा पहुंचा शक्ति कलश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के बगीचा में आयोजित होने वाले 108 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ के लिए 33 परिजन शांतिकुंज हरिद्वार से शक्ति कलश लेकर बगीचा पहुंचे।जहां स्थानीय बस स्टैंड में मातृशक्ति व नगरवासियों ने शक्ति कलश का पूजन अर्चन के साथ भव्य स्वागत किया।

बगीचा में तीन दिनों तक चलेगा महायज्ञः महायज्ञ का आयोजन 10 दिसंबर से 13 दिसंबर तक बगीचा में होना है जिसके लिए गायत्री परिवार के द्वारा तैयारियां शुरु कर दी गई हैं।बस स्टैंड में शक्ति कलश का पूजन कर गायत्री मंत्रोच्चार के साथ मंगल गान करते हुए मातृशक्ति ने सिर पर कलश धारण किया।विघ्न विनाशक गणपति बप्पा के दर्शन पश्चात नगर के मुख्य मार्ग से होते शक्ति कलश स्थानीय दुर्गा मंदिर पंहुचा जहां पूजन अर्चन के बाद गायत्री परिजनों ने प्रज्ञापीठ बगीचा में शक्ति कलश स्थापित किया।शक्ति कलश के स्वागत में गायत्री परिवार के समस्त परिजनों समेत प्रज्ञा महिला मंडल की बहनें उपस्थित रहीं।स्थानीय नागरिकों में मुकेश शर्मा, श्रीमती गीता सिन्हा, श्रीमती मुक्ता यादव, द्रौपदी यादव, संतोष गुप्ता, उमाशंकर, भूपेंद्र थवाईत, भगवानो यादव,संतोष सोनी,रमेश गुप्ता,देवराज नागेश समेत अन्य परिजन उपस्थित रहे।



कलश का स्वागत करते परिजन।

**शक्तिकलश का भावभरा अभिनंदनः** गायत्री मंदिर में शक्ति कलश लेकर पहुंचे परिजनों का भाव भरा अभिनंदन किया गया।यहां यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आगामी तीन महीने की विस्तृत कार्ययोजना बनी हुई है जिसकी शुरुआत गायत्री महामंत्र के चौबीस घंटों के अखंड जप से की जाएगी।इस क्रम में घर घर दीप महायज्ञ,एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ,मंत्र लेखन, मुट्ठी चावल अन्नदान, अंशदान, श्रमदान,समयदान की श्रृंखला सतत चलती रहेगी।

**हरिद्वार शक्ति कुंज से मिली स्वीकृतिः** 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की स्वीकृति शांतिकुंज हरिद्वार से प्राप्त हो चुकी है।जिसके बाद स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम की भव्य तैयारी के लिए प्रयास शुरु कर दिए गए हैं।

### गौ मांस बनाकर खाने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह के दिशा निर्देश पर पिछले एक वर्ष से चल रहे ऑपरेशन शंखनाद को लगातार मिल रही सफलता में एक अध्याय और जोड़ते हुए पुलिस ने गौवंश की हत्या कर गौमांश को पकाकर खाने एवं विक्रय करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार 29 अगस्त को थाना पत्थलगांव पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी, कि ग्राम मुड़ापारा, पैरापारा निवासी आरोपी राजू कुजूर अपने कुछ साथियों के साथ एक खेत में गौ वंश का वध कर मांस बनाकर खाने व बिक्री करने के लिए हिस्सा बंटवारा कर रहे हैं। पत्थलगांव पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल पुलिस टीम के साथ मुखबिर के बताए अनुसार ग्राम मुड़ापारा, पैरापारा रवाना हो कर खेत की घेरा बंदी की गई जहां पुलिस को चार संदिग्ध व्यक्ति मिले।

## दसलक्ष महापर्व पर उत्तम आर्जव धर्म का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

दशलक्षण महापर्व के अंतर्गत तीसरे दिन शनिवार को शहर के जैन समाज मंदिर प्रांगण में उत्तम आर्जव धर्म का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के सागर से आये योगेश भैया जी ने आर्जव धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में सीधापन और ईमानदारी ही असली धन है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति कपट और छल को त्यागकर निष्कपट जीवन अपनाता है, उसका जीवन विश्वास और सत्य की रोशनी से आलोकित हो जाता है। आर्जव धर्म से मनुष्य के हृदय और वाणी में पवित्रता आती है तथा उसका आचरण समाज के लिए आदर्श बन जाता है।



जैन समाज मंदिर प्रांगण में उत्तम आर्जव।

### पांड्या परिवार ने किया शांतिधारा का पुण्यार्जन

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातःकाल श्री जी की प्रतिमा पर शांतिधारा की गई जिसके पुण्यार्जन का सौभाग्य अनिल कुमार सुनील कुमार पांड्या परिवार को प्राप्त हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्मलाभ लिया और आर्जव धर्म को आत्मसात करने का संकल्प व्यक्त किया। दशलक्षण पर्व के दौरान मंदिर परिसर में सुबह से ही धार्मिक माहौल बनना शुरू हो जाता है। महिलायें,युवावर्ग और बच्चे भी अनुष्ठानों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे है।

### प्रवचन में सरलता और सच्चाई को बताया जीवन की शक्ति

योगेश ने कहा कि कपट और असत्य मनुष्य को भीतर से खोखला कर देते हैं, जबकि आर्जव यानी सरलता और सच्चाई आत्मा को दृढ़ और शांत बनाती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में आर्जव धर्म को धारण करें और दूसरों के लिए प्रेरणा बनें।

### आज उत्तम शौच धर्म

उत्तम शौच धर्म जैन धर्म के दशलक्षण धर्म में पांचवां लक्षण है। शौच का अर्थ है पवित्रता या शुद्धि। लेकिन यहाँ केवल बाहरी शारीरिक शुद्धि (स्नान, वस्त्र आदि की स्वच्छता) ही नहीं, बल्कि मन, वचन और शरीर तीनों की आंतरिक शुद्धि का भाव है।

### तिरंगे कलर की लाइटिंग ने जीता लोगों का दिल

# पुसौर से सरिया का नजारा बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



रायगढ़ जिले से 30 किमी दूर, सारंगढ़ जिले का नगर पंचायत सरिया इन दिनों अपनी तिरंगे कलर की लाइटिंग से चर्चाओं में है। यहां मुख्य मार्गों पर सजाई गई तिरंगे रंग की एलईडी लाइट्स हर शाम नगर की खूबसूरती में चार चांद लगा देती हैं। विशेष बात यह है कि ऐसी व्यवस्था फिलहाल प्रदेश के किसी अन्य नगर पंचायत में देखने को नहीं मिल रही है, जिसे देखकर यहां आने वाले लोग खूब तारीफ कर रहे हैं।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल स्वर्णकार ने जानकारी दी कि उनके कार्यकाल में 14वें वित्त आयोग से शासन द्वारा 70 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई थी। उस समय नगर पंचायत की बैठक में सर्वसम्मति से मुख्य सड़कों पर तिरंगे रंग की लाइटिंग लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस कार्य पर कुल एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की गई, और आज लगभग तीन साल बाद भी ये लाइटिंग नगर की शान बनी हुई है। शाम ढलते ही बरमकेला से सरिया, पुसौर से सरिया, उड़ीसा मार्ग और भीखमपुरा मार्ग से आने-जाने वाले लोग इस तिरंगे प्रकाश में सरिया की अलग ही छटा देखते हैं। रोशनी की इस अद्भुत सजावट को देखने के लिए कई लोग यहां ठहरकर आनंद लेते हैं और सड़क किनारे लगे ठेले-खोमचे पर व्यंजनों का स्वाद भी चखते हैं। सूत्रों का कहना है कि चौदहवें वित्त से अन्य नगर पंचायतों को भी इसी तरह की राशि दी गई थी, लेकिन कई जगहों पर सामान्य स्ट्रीट लाइट तक सही से नहीं लग पाई है। वहीं, सरिया का यह मॉडल न केवल सौंदर्यीकरण का सफल उदाहरण बना है बल्कि आसपास के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र भी बन गया है।

### सात करोड़ से बनेगा आधुनिक सुविधाओं से लैस ऑडिटोरियम

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के घोषणा अनुरूप नगर में आधुनिक सुविधाओं से लैस ऑडिटोरियम निर्माण के लिए 7 करोड़ रूपये की स्वीकृति देते हुए बजट जारी कर दिया है। नगर पालिक के अधिकारी ने बताया कि इस निर्माण कार्य के लिए नगर सरकार ने तकनीकी स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी कर निविदा जारी कर दिया है। निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। यह होगा आडोटोरियम से लाभ अभी तक जिला मुख्यालय में बड़े आयोजन के लिए जगह की कमी महसूस की जा रही थी। शहर में आयोजित होने वाले किसी भी बड़े सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक आयोजन का पूरा बोझ फिलहाल रणजीता स्टेडियम और वशिष्ठ कम्युनिटी हाल पर है।

## संयुक्त टीम ने किया दवा दुकानों का निरीक्षण

■ कोटपा एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

**जशपुरनगर।** नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया जा रहा है।

औषधि निरीक्षक ने बताया कि निर्देश के परिपालन में शुक्रवार को पत्थलगांव में संचालित गोयल मेडिकल स्टोर, गोयल मेडिकल एजेन्सी, विजय मेडिकल स्टोर एवं शर्मा मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी मेडिकल स्टोर में सीसीटीवी कैमरा स्थापित पाया गया। इसके अलावा टीम के द्वारा कोटपा एक्ट के तहत शासकीय माध्यमिक शाला चेटबा, शासकीय हाई स्कूल बनगांव और हारिजोन पब्लिक स्कूल के 100 गज के भीतर स्थित दुकानों पर तम्बाकू उत्पाद पाए जाने पर चालानी कार्यवाही की गई। इस दौरान औषधि निरीक्षक योगेश परस्ते, मनीष कंवर एवं तहसीलदार पत्थलगांव उपस्थित रहे। अनुविभागीय अधिकारी कुनकुरी द्वारा नार्कोटिक्स दवाइयों के कय-विक्रय एवं सीसीटीवी कैमरा स्थापित करने सम्बधी निर्देश पर कुनकुरी मे संचालित सुनील मेडिकल स्टोर, रारा मेडिकल स्टोर एवं अजय मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम, बीएमओ, औषधि निरीक्षक एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम उपस्थित रही।

# तमन्ना-डायना की सीरीज डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई।** तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी की सीरीज डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर मेकर्स ने जारी किया है। ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे दो महिलाएं शिखा और अनाहिता अपने नए बिजनेस को शुरू करती हैं। इसमें उन्हें धैर्य और संघर्ष को बेहद ही शानदार ढंग से दिखाने का प्रयास किया जाता है। ट्रेलर में कॉमेडी भी देखने को मिलती है। इस सीरीज को युवाओं पर फोकस किया गया है, जो दर्शकों को प्रेरणा देने का काम भी कर सकती है। कोलिन डी कुन्हा और अर्चित कुमार द्वारा निर्देशित सीरीज डू यू वाना पार्टनर 12 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। वहीं, इस सीरीज को मिथुन गोंगोपाध्याय और निशांत नायक द्वारा निर्मित किया गया है।

लाइफ Style

# साई धनशिका

## 12 साल बड़े स्टार से की सगाई



स्टार विशाल ने साई धनशिका के साथ अपने रिश्ते का खुलासा इस साल मई में किया था। उन्होंने जल्द शादी करने की बात कुबूल थी। जब से इस बात का पता चला था कि दोनों रिलेशनशिप में हैं, तभी से ही उनके फैंस दोनों की शादी का इंतजार कर रहे थे। कपल ने अब अपनी सगाई की तस्वीरें शेयर करके फैंस को खुशखबरी दी है। इसे लेकर विशाल के फैंस काफी खुश हैं। वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्हें बधाई देते दिख रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

धनशिका से विशाल 12 साल बड़े हैं। एक्टर ने सगाई की तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा, 'दुनिया के कोने-कोने से लोग मुझे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शुभकामनाएं और आशीर्वाद दे रहे हैं। इसके लिए आप सभी करीबियों का धन्यवाद. आज मुझे साई धनशिका के साथ हुई सगाई के बारे में आपको बताते हुए बहुत खुशी हो रही है। हमेशा की तरह आपके आशीर्वाद की कामना करता हूं।' तस्वीरों में विशाल और धनशिका के साथ ही उनका परिवार भी दिख रहा है। विशाल ने इनमें अपनी अंगूठी की फोटो भी शेयर की है। जब दोनों ने अपने रिश्ते का खुलासा किया था, तब साई धनशिका ने कहा था कि वो विशाल को 15 साल से जानती हैं। उनके मुताबिक, मुश्किल हालातों में विशाल ने उनका साथ दिया. वहीं विशाल ने कहा था कि साई को पार्टनर के रूप में पाकर वो बहुत खुश हैं और ईश्वर को इसके लिए धन्यवाद देते हैं। विशाल और साई धनशिका फिलहाल शादी की तारीख का ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन जल्द ही दोनों शादी करेंगे। बताया जा रहा है कि सगाई की तरह इसमें भी करीबी रिश्तेदार ही शामिल होंगे। वर्क फ्रंट की बात करें तो विशाल अपनी 35वीं फिल्म मगुडम पर काम कर रहे हैं।

हॉलीवुड मसाला

# ओल्ड टाउन रोड से मिली पहचान



**लॉस एंजिल्स।** अटलांटा के 26 वर्षीय रैपर और गायक लिल नैस एक्स को 2018 के अपने सबसे प्रसिद्ध एल्बम 'ओल्ड टाउन रोड' के लिए जाना जाता है। यह गाना दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया गया था। इसके अलावा रैपर को साल 2021 में आए मोंटेरो एल्बम के लिए ग्रैमी पुरस्कार के लिए भी नामांकित किया गया था। लिल नैस एक्स रैपर लिल नैस एक्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, पिछले चार दिन बहुत डरावने रहे हैं।



# मरने से पहले अपने हर बच्चे के नाम छोड़ गया 244 करोड़ रुपए

**लॉस एंजिल्स।** शायद ही दुनिया में कभी ऐसा पॉप स्टार होगा, जिसके मरने पर पूरी दुनिया ने आंसू बहाए और इसकी अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए लकी टिकट निकाले गए थे। इसकी अंतिम यात्रा को स्ट्रीम किया गया, तो उसे दुनियाभर के 300 करोड़ लोगों ने देखा था। यही नहीं, मरने के 70 दिन बाद इसे दफनाया गया था और वह भी रहस्यमय तरीके से। और तो और इस पॉप स्टार ने मरने के बाद कई रिकॉर्ड बनाए थे। इसके नाम पर एक-दो नहीं, बल्कि 39 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हैं। बताया जाता है कि मौत के बाद इस पॉप स्टार की 17,110 करोड़ रुपए कमाई हुई। यह अपने हर बच्चे के नाम 244 करोड़ और बाकी प्रॉपर्टी में हिस्सा छोड़ गया था। यह थे माइकल जैक्सन, जिन्हें दुनिया 'किंग ऑफ पॉप' भी कहती थी। वह दुनिया के सबसे बेहतरीन सिंगर थे। आवाज के अलावा वह अपने गानों, डांसिंग स्टाइल और मून वॉक के लिए मशहूर थे।



# सनी संस्कारी ...में बाहुबली अवतार में दिखे वरुण!

**मुंबई।** एक्टर वरुण धवन और जान्हवी कपूर की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के मेकर्स ने शुक्रवार को टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें कॉमेडी और रोमांस का शानदार तड़का देखने को मिल रहा है। धर्मा प्रोडक्शन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर टीजर रिलीज किया और कैप्शन में लिखा, 'चार लोग, दो दिल तोड़ने वाले, एक शादी। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी'का टीजर रिलीज हो गया है। यह 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' 1 मिनट के टीजर की शुरुआत वरुण धवन के मस्ती भरे अंदाज से होती है, जहां वह बाहुबली अवतार में नजर आते हैं। वरुण मजेदार अंदाज में पूछते हैं, 'मैं बाहुबली लग रहा हूं ना?' जवाब में एक किरदार कहता है, 'रणवीर सिंह की धोती में प्रभास का पौधा लग रहा है!




# कमजोर कहानी को न परम संभाल पाए न ही सुंदरी

**नई दिल्ली।** सिद्धार्थ मल्होत्रा, जाह्नवी कपूर, मनजोत सिंह और संजय कपूर स्टारर फिल्म परम सुंदरी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। परम सुंदरी की कहानी कमजोर निकली, कुछ भी नयापन देखने को नहीं मिला। फिल्म की कहानी एक नॉर्थ इंडियन लड़के परम सचदेव (सिद्धार्थ मल्होत्रा) और एक साउथ इंडियन लड़की थेक्कापट्टू सुंदरी दामोदरम पिल्लई (जाह्नवी कपूर) पर आधारित है। फिल्म में न तो कोई बेहतरीन लव स्टोरी है और न ही कोई कॉमेडी जो इसे मनोरंजक बना सके। फिल्म में जाह्नवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा को कई बार ओवरएक्टिंग करते देखा। जाह्नवी फिल्म में जिस तरह के रोल में थीं, उस पर खरी नहीं उतर पाईं। उन्हें अभी भी काफी मेहनत करने की जरूरत है।

टीवी मसाला



## अनुपमा सिंहासन पर काबिज, पिछली बार से तुलसी की बेहतर हुई स्थिति

**नई दिल्ली।** 33वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट सामने आ चुकी है। पिछले बार के मुकाबले लिस्ट में बड़ा उलट-फेर नहीं हुआ है। सीरियल अनुपमा अपनी जगह पर काबिज है। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने अपनी कंडीशन को कुछ बेहतर किया है। रुपाली गांगुली स्टारर सीरियल अनुपमा कई साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है, साथ ही टीआरपी लिस्ट में हमेशा टॉप फाइव में बना रहता है। 33 हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसे 2.3 की टीआरपी मिली है और यह पहले नंबर पर काबिज है। पिछले हफ्ते भी यह सीरियल टॉप पर बना हुआ था। सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' 2.0 की टीआरपी के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं, तीसरे नंबर पर स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' है, इसे 1.9 की टीआरपी मिली है। पिछले हफ्ते यह शो चौथे नंबर पर था। लगभग 17 साल से टीवी पर दर्शकों को अपनी कॉमेडी से हंसा रहा सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चौथे नंबर पर है। पांचवें नंबर पर शरद केलकर स्टारर सीरियल 'तुम से तुम तक' शामिल हुआ है।

## अमिताभ ने याद किया विराट का इमोशनल पल

नई दिल्ली। सोनी टीवी का क्विज रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति लंबे वक्त से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो में अमिताभ बच्चन कई अलग-अलग किस्से और अपने विचारल फैंस के साथ शेयर करते हैं। अब शो के लेटेस्ट एपिसोड में अमिताभ बच्चन ने विराट कोहली के उस इमोशनल पल को याद किया जब आईपीएल में उनकी टीम को जीत



मिली थी। अमिताभ बच्चन ने कहा कि जब सालों की मेहनत के बाद व्यक्ति को जीत मिलती है तो आदमी हिल जाता है। कौन बनेगा करोड़पित 17 के लेटेस्ट एपिसोड में अमिताभ बच्चन ने सामने बैठे कंटेस्टेंट से क्रिकेट से जुड़ा सवाल पूछा। सवाल था- 2025 में, अपने करियर में किसी एक फ्रेंचाइजी के लिए 9000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज कौन बने? सवाल के जवाब में कंटेस्टेंट ने तुरंत विराट कोहली का नाम लिया, जो एक सही जवाब था। इसके बाद अमिताभ बच्चन ने विराट कोहली के एक इमोशनल पल को याद करते हुए क्रिकेटर की तारीफ की। अमिताभ बच्चन ने कहा, 'विराट कोहली अपने कॅरियर में सिर्फ आरसीबी के लिए खेले हैं और ये कभी जीत नहीं पाए थे। वो दृश्य देखा होगा आपने जब वो जीते थे। इतना भावुक हो जाता है इंसान, इतना बड़ा क्रिकेटर। विश्वभर में जिसका नाम हो।

# बंधनों को तोड़कर कश्मीर से उठी सुरों की इबादत



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सबा आजाद और सोनी राजदान स्टारर फिल्म 'सॉन्स ऑफ पैराडाइज' ओटीटी पर शुक्रवार को रिलीज हो गई है। कहते हैं, एक सच्चे कलाकार की कला हर धर्म, जाति, पंथ और लिंग की सीमाओं से ऊपर उठकर सिर्फ इंसानियत और भावनाओं की जुबान बोलती है। उसकी कला को समाज की बेड़ियां जकड़ नहीं सकतीं। दूसरे शब्दों में कहें तो एक कलाकार को कैद किया जा सकता है लेकिन उसकी कला को नहीं। अभिनेत्री सबा आजाद और सोनी राजदान की फिल्म 'सॉन्स ऑफ पैराडाइड' इसी सच को बयां करती है। कश्मीर की एक साधारण सी लड़की जो सपने तो देखती है मगर उन्हें पूरा करने की उसे अनुमति नहीं है। क्यों? क्योंकि वो एक लड़की है, जिसे शादी करके अपने शौहर के घर जाना है। कहने को तो 'आजाद भारत' में साल 1954 की बात है, लेकिन आजादी का असली मतलब क्या है, ये शायद किसी को नहीं पता। ये कहानी है साधारण सी लड़की 'जेबा' की, जो आगे चलकर कश्मीर की 'नूर बेगम' बनती हैं। फिल्म में सबा आजाद ने जेबा का किरदार निभाया है, जिनकी मासूमियत स्क्रीन पर देखते ही बनती है। सबा ने अपने किरदार के साथ जस्टिस करने की पूरी कोशिश की है और इसके लिए उन्हें पूरे नंबर दिए जाने चाहिए। वहीं, मौजूदा वक्त में जेबा यानी नूर बेगम का किरदार दिग्गज अभिनेत्री सोनी राजदान ने निभाया है। सोनी राजदान ने अपने अभिनय का पूरा अनुभव फिल्म में झोंक दिया है। सबसे बड़ी चुनौती जो इन अभिनेत्रियों के सामने थी वो था कश्मीरी एक्सेंट को अपनाने की, जिसके लिए इनकी तारीफ जरूर करनी चाहिए। जेबा की अम्मी के रोल में शिबा चड्ढा नजर आ रही हैं, वहीं आजाद साहब का रोल जैन खान दुर्रानी ने निभाया है। एक्टिंग के मामले में फिल्म में कहीं पर भी कोई खामी नजर नहीं आती। हर एक किरदार अपने-अपने प्लॉट के हिसाब पूरी तरह खरा उतरता है।

## जय गणपति... गणनायक...



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन गुरुवार को मुंबई स्थित अपने आवास पर 'गणेश चतुर्थी' उत्सव के दौरान।

### जापान के कोबे शहर में हुई थी सायोनारा गाने की शूटिंग

# तब 16 साल के थे पीएम मोदी, जब सायोनारा की थी भारत में गूंज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

करीब 59 साल पहले आई फिल्म लव इन टोक्यो को इस वक्त याद करना तो बनता है। इस वक्त जहां भारत के प्रधानमंत्री इस वक्त जापान के टोक्यो में हैं और ये फिल्म उनके टीनेज के दिनों की है। पीएम मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन के तियानजिन में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। आज हम यहां उस फिल्म को याद करने जा रहे हैं जो जापान से जुड़ा है और जब ये फिल्म रिलीज हुई थी तो पीएम मोदी करीब 16 साल के रहे होंगे। अपने युवा दौर में यकीनन उन्होंने भी इस फिल्म और इसके फेमस गाने 'सायोनारा' का लुत्फ जरूर उठाया होगा। आज हम इसी 'सायोनारा' की कहानी सुनाने जा रहे हैं। 'सायोनारा' गाना फिल्माया गया था आशा पारेख पर, जिनकी खूबसूरती ने इसमें चार चांद लगा दिया था। इसमें आवाज दी थी लता मंगेशकर ने, जिनकी आवाज आज भी हर किसी के दिलों में जवां है।



### लव इन टोक्यो को खूब मिली सफलता

'लव इन टोक्यो' बताती है कि उन्हें इतनी सफलता क्यों मिली। ये फिल्म बेहतरीन और आकर्षक होने के साथ-साथ नैतिक रूप से भी ईमानदार रही जिसने दर्शकों को बीच-बीच में मुस्कुराने, इमोशनल करने और खिलखिलाने पर मजबूर किया। वैसे तो इस फिल्म में कई गाने थे, जिसमें 'ले गई दिल गुड़िया जापान की' और 'सायोनारा सायोनारा' भी शामिल हैं। 'सायोनारा' ने अधिक पॉप्युलैरिटी बटोरी जिसकी वजह शायद ये शब्द 'सायोनारा' था। गाने में आवाज दी थी स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने, लेकिन इसे लिखा था हसरत जयपुरी ने। संगीत शंकर जयकिशन का था। बताया जाता है कि 'सायोनारा' की शूटिंग जापान के कोबे शहर में हुई लेकिन जापानी दृश्यों को क्योटो में फिल्माया गया था। फिल्म में क्योटो के कुछ रियल लोकेशन थे।

### उस दौर में रेडियो पर लोगों ने इस गाने को खूब सुना

*आशा पारेख और जॉय मुखर्जी की लीड रोल वाली ये फिल्म 'लव इन टोक्यो' ऐसी ही फिल्म थी, जो प्यारी और मनोरंजक थी। 1960 के दशक में कई फिल्में आईं जिसने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी और लोगों की यादों में हमेशा के लिए रह गईं। उन्ही दिनों साल 1966 में रिलीज हुई 'लव इन टोक्यो' जिसका गाना 'सायोनारा' अपने रोमांटिक अंदाज, जापान के अद्भुत लोकेशन और दिल को छू लेने वाले धुनों का ऐसा मेल था जिसे देखने वालों ने ही नहीं बल्कि सुनने वालों ने भी खूब प्यार दिया।*

### लव इन टोक्यो की कहानी

लव इन टोक्यो' की कहानी टोक्यो, जापान के बैकग्राउंड पर सेट है, जहां अशोक यानी (जॉय मुखर्जी) अपने भतीजे चिक्कू को भारत से लाने के लिए जापा पहुंचता है। दरअसल गायत्री देवी (ललिता पवार) अपने बेटे अशोक को जापान भेजती है ताकि उसका पोता उसके पास आ जाए। गायत्री देवी का एक बड़ा बेटा था, जिसने उसके आशीर्वाद के बिना जापानी मूल की लड़की से शादी की थी। वह चाहती है कि अशोक सरिता से शादी कर ले, लेकिन अशोक सरिता में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाता है। उधर जापान पहुंचने के बाद अशोक आशा (आशा पारेख) से मिलता है और दोनों में प्यार हो जाता है। वहीं ,अब आशा के चाचा चाहते हैं कि आशा प्राण (प्राण) से शादी कर ले, लेकिन आशा को वो पसंद नहीं और फाइनली वो अशोक के साथ भाग जाती है।

### आशा पारेख कब गाती हैं सायोनारा

इसी फिल्म मे जब अशोक आशा (आशा पारेख) से मिलता है तो दोनों की लव स्टोरी शुरू होती है। आशा एक सिख लड़के और फिर चिजुरु (चिक्कू की कथित मौसी) के भेष में अशोक से मिलती है। इस फिल्म में दोनों के बीच फिल्माया गाना 'सायोनारा सायोनारा' उसी सीन में आता है। जब आशा, चिजुरु के रूप में, अशोक के साथ रोमांटिक अंदाज में छेड़खानी करती है और वादा करती है कि वह फिर मिलेगी। 'सायोनारा' एक जापानी शब्द है जिसका मतलब अलविदा है। हालांकि फिल्म के गाने 'सायोनारा सायोनारा, वादा निभाऊंगी सायोनारा, इठलाती और बलखाती, कल फिर आऊंगी सायोनारा' में इस शब्द का इस्तेमाल एक चंचल और रोमांटिक विदाई की तरफ इशारा करता है जिसमें फिर मुलाकात का इशारा है। ये फिल्म के टोक्यो सेटिंग के साथ मेल खाता है।

